दिन–बुधवार दिनांक– 01/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण अधिनियम आज से लागू हो गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए पंचानवे हजार छह सौ बानवे करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने जी राम जी योजना लागू करने को लेकर व्यापक तैयारी की है। योजना के संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति का गठन किया गया है। संचालन समिति में ग्रामीण विकास विभाग समेत सत्रह विभागों के सचिवों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को जिला कार्यक्रम समन्वयक और उपविकास आयुक्त–डीडीसी को अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक नामित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें दस लाख रुपये तक, प्रोग्राम ऑफिसर पंद्रह लाख, डीडीसी एक करोड़ और जिलाधिकारी तीस करोड़ रुपये तक की योजनाएं स्वीकृत कर सकेंगे।

———————————————————————

तेल विपणन कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में एक सौ तिरासी रुपये पचास पैसे की कमी की है। भारतीय तेल निगम लिमिटेड के अनुसार नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इस कटौती के बाद पटना में अब उन्नीस किलोग्राम का व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर तीन हजार दो सौ इकतालीस रूपये में मिलेगा। इस फैसले से रेस्तरां, ढाबा, होटल और अन्य खान–पान व्यावसायियों को लाभ होगा।

———————————————————————

पासपोर्ट आवेदन शुल्क में आज से वृद्धि लागू हो गई है। यह वृद्धि नवीनतम पासपोर्ट–संशोधन नियम, दो हजार छब्बीस के अंतर्गत की गई है। इसके तहत छत्तीस पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या फिर से पासपोर्ट बनवाने की लागत अब दो हजार पांच सौ रुपये होगी। साठ पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या दुबारा जारी पासपोर्ट की लागत अब तीन हजार पांच सौ रुपये निर्धारित की गई है, जबकि तत्काल योजना के तहत यह छह हजार रुपये होगी।

---

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के बारह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। प्रीता वर्मा को गृह रक्षा वाहिनी का महानिदेशक बनाया गया है। पंकज कुमार दाराद को पुलिस भवन निर्माण निगम में प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं, अपर पुलिस माहानिदेशक सुधांशु कुमार को विशेष निगरानी इकाई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

---

विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का आज शपथ ग्रहण होगा। विधान परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभापति अवधेश नारायण सिंह सदस्यों को शपथ दिलायेंगे। कुल दस सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी।

---

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस जन स्वास्थ्य की रक्षा के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है। यह दिवस हर वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– बिहाईन्ड द मास्क : हू हील्स द हीलर्स। यह विषय उन डॉक्टरों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालता है जो अपना जीवन दूसरों की देखभाल के लिए समर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। भागलपुर, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में भारी बारिश दर्ज की गयी है। गोपालगंज के भोरे में सबसे अधिक बानवे दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज बांका, बेगूसराय, भागलपुर, कटिहार और समस्तीपुर जिले में तेज हवा के साथ भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, अररिया, दरभंगा, किशनगंज, शिवहर और वैशाली समेत बारह जिलों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में बारिश हो रही है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।